# शोध और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने आईआईएम-सीएसएचडी के बीच एमओयू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**रायपुर.** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और सेंटर फॉर स्टडीज ऑन होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएसएचडी) के बीच एक एमओयू हुआ। यह एमओयू संयुक्त अनुसंधान, प्रशिक्षण, सामाजिक पहल और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इसके साथ ही विकास अर्थशास्त्र, शासन व्यवस्था, स्थिरता और ग्रामीण उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी के अंतर्गत बहुविषयक शोध, नेतृत्व विकास और प्रभावशाली नीतिगत पहलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। एमओयू में आईआईएम के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी और सीएसएचडी के सचिव सतीश गोकुल पांडा ने हस्ताक्षर किए।

निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने कहा कि हमारा मानना है कि प्रबंधन शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होना चाहिए। इस सहयोग के माध्यम से हम ज्ञान निर्माण, सामाजिक रूप से उत्तरदायी नेतृत्व और समुदाय आधारित विकास को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य है - ऐसा विकास मॉडल तैयार करना जो स्थानीय जरूरतों पर आधारित हो, शोध से पोषित हो और राष्ट्रीय स्तर पर उपयोगी सिद्ध हो।

## एमओयू के तहत इन क्षेत्रों में होगा काम

- संयुक्त शोध परियोजनाएं, नीति संक्षेप और कार्यपत्र
- फील्ड-आधारित अध्ययन और क्षेत्रीय केस स्टडी
- युवाओं और प्रशासकों के लिए प्रशिक्षण व नेतृत्व कार्यशालाएं
- छात्रों की सामाजिक पहल और स्टार्टअप्स के लिए मेंटरशिप
- संगोष्ठियों, सम्मेलनों और नीति संवादों का आयोजन
- - पाठ्यक्रम विकास में विशेषज्ञों की भागीदारी
- एक-दूसरे के अकादमिक व डेटा संसाधनों का साझा उपयोग

Patrika, 25 June, 2025, P. 02. (1)